# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-05.09.2023**

## एस0एस0सी0 एम0टी0एस0 परीक्षा में धोखाधड़ी कर दूसरे परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया अभियुक्त शिवम कुमार गिरफ्तार

कमिश्नरेट वाराणसी में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर चल रही एस0एस0सी0 द्वारा आयोजित एम0टी0एस0 परीक्षा के दौरान वरुणा ज़ोन के थाना सारनाथ स्थित परीक्षा केंद्र सारनाथ इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलाजी तिलमापुर आशापुर वराणसी मे दिनांक 04-09-2023 को तृतीय पाली मे मूल अभ्यर्थी राजा कुमार पुत्र पप्पू कुमार यादव निवासी मोहम्मदपुर वैशाली बिहार (रोल नं0-3013019981) का आधार कार्ड प्रवेश पत्र व फोटो लेकर परीक्षा देने आये फर्जी अभ्यर्थी शिवम कुमार पुत्र मनोज कुमार नि0 गाम-जमालपुर पोस्ट शुभई थाना हाजीपुर जिला वैशाली का जब उसके आधार कार्ड व प्रवेश पत्र का मिलान रजिस्ट्रेशन डेस्क पर आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गए डाटा (फोटो,नाम रोल नं0, DOB, हस्ताक्षर) से किया गया तो पाया गया कि मूल अभ्यर्थी के फोटो से उपस्थित (फेक) अभ्यर्थी का चेहरा (फोटो) नही मिल रहा था और वह आधार कार्ड पर फोटो बदलकर अपना फोटो लगाकर मूल अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया था। उक्त के सम्बन्ध में श्री सुधीर कुमार पुत्र श्याम बली प्रसाद निवासी ग्राम पो0 बड़सरी जागीर थाना मनियर जिला बलिया (उ0प्र0) VCO (वेन्यु कमान्डिंग आफिसर) की तहरीर के आधार पर थाना सारनाथ में मु0अ0सं0-394/23 धारा 419/420/467/468/471 पंजीकृत कर, अभियुक्त शिवम कुमार पुत्र मनोज कुमार नि0 गाम-जमालपुर पोस्ट शुभई थाना हाजीपुर जिला वैशाल को गिरफ्तार कर, अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

शिवम कुमार पुत्र मनोज कुमार नि0 गाम-जमालपुर पोस्ट शुभई थाना हाजीपुर जिला वैशाली, उम्र करीब 22 वर्ष।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.प्र0नि0 बृजेश कुमार सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
2.हे0का0 दिलीप यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
3.हे0का0 रंजीत द्विवेदी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**

